सेंट मारग्रेट सी०सै० स्कूल

प्रतिदर्श प्रश्नपत्र

अर्धवार्षिक परीक्षा - (2024 -2025)

समय :3 घंटे कक्षा – सातवीं हिन्दी अंक – 60

(खंड क)

प्र०. 1 - अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- 1x6 = 6

सच्चे मित्र की तलाश हर व्यक्ति को रहती है। जब कोई व्यक्ति जीवन में कठिनाइयों से दो-चार होता है, तो उसे किसी ऐसे साथी की आवश्यकता महसूस होती है, जो उसके दुःख और परेशानियों की गाथा सुने और उनके निराकरण में उसकी सहायता करे। परंतु सच्चा मित्र पाना अत्यंत कठिन है। हर जान-पहचान वाला व्यक्ति हमारा मित्र नहीं हो सकता और न ही मित्रता का दावा करने वाला व्यक्ति सच्चा मित्र होता है। मित्रता सदैव सोच-समझकर करनी चाहिए। मीठी बातें, चाटुकारिता, हँसमुख चेहरा आदि मित्र बनाने के लिए आवश्यक शर्तें नहीं हैं, वरन सच्ची बात कहने वाला, खरी बात कहने वाला, विपरीत परिस्थितियों में साहस बढ़ाने वाला ही सच्चा मित्र हो सकता है। आचार्य शुक्ल ने सच्चे मित्र को कड़वी दवा की भाँति बताया है, जो कुसंग के ज्वर को दूर कर देती है। हमारे जीवन का मार्ग कुमार्ग न बन जाए, इसके लिए हमें बुरे मित्रों और उनकी संगति से दूर ही रहना चाहिए।

(1) प्रत्येक व्यक्ति को किसकी तलाश रहती है?

(2) मित्र विपरीत परिस्थितियों में क्या करता है?

(3) कुसंग के ज्वर को दूर कौन करता है?

(4) किस विद्वान् ने सच्चे मित्र को कड़वी दवा की भाँति बताया है?

(1) रामकुमार वर्मा ने (2) हजारी प्रसाद द्विवेदी ने (3) आचार्य शुक्ल ने (4) जय शंकर प्रसाद ने

(5) जीवन का मार्ग कुमार्ग में न बदले नेक नामी को बदनामी से बचाने के लिए हमें क्या करना चाहिए?

(1) किसी मित्र से परामर्श लेना चाहिए। (2) बुरे मित्रों एवं उनकी संगति से दूर रहना चाहिए।

(3) नेकनामी का प्रचार करना चाहिए। (4) विपरीत परिस्थितियों में धैर्य रखना चाहिए।

(6) मित्र बनाने के लिए आवश्यक शर्तें क्या हैं?

(1) मीठी बातें (2) चाटुकारिता (3) हँसमुख चेहरा (4) विपरीत परिस्थितियों में साहस बढ़ाने वाला

(खंड ख - व्याकरण)

प्र॰. 2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तरव्याकरण के आधार पर लिखिए : 1x10 =10

(क) दो देशज शब्द लिखिए|

(ख) मैं लालकिला देखने गई - संज्ञा शब्द रेखांकित कर भेद नाम लिखिए|

(ग) अरे! विभक्ति चिह्न का वाक्य में प्रयोग कीजिए|

(घ) निजवाचक सर्वनाम का एक वाक्य लिखिए|

(ड) 'लिखाई' शब्द में से प्रत्यय अलग कीजिए |

(च)'निर्माण' शब्द में से मूल शब्द उपसर्ग अलग कीजिए |

अनेक शब्दों हेतु एक शब्द लिखिए - कम भोजन खाने वाला |

(छ')परिचित' शब्द हेतु सही विलोम शब्द चुनिए :

1 अपरिचित 2 परिचयवान 3 सुपरिचिरत 4 परिचयशाली

(ज)'छात्र ' शब्द हेतु सही बहुवचन शब्द चुनिए :

1 छात्रों 2 छात्राएँ 3 छात्रान 4 छात्रा

(झ) लिंग बताइए - युवती

1 पुल्लिंग 2 स्त्रीलिंग 3 नपुंसकलिंग 4 अन्य लिंग

(खंड ग - साहित्य)

प्र॰3 निम्नलिखित दोहों को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

थोथे बादर क्वार के, ज्यों रहीम घहरात ।
धनी पुरुष निर्धन भये, करैं पाछिली बात ॥

जाल परे जल जात बहि, तजि मीनन को मोह।
रहिमन मछरी नीर को, तऊ न छाँड़ति छोह ।।

ख - अर्थ स्पष्ट कीजिए - धनी पुरुष निर्धन भये, करैं पाछिली बात॥ 2

क - कैसे व्यक्ति निर्धन होने के बाद भी पिछले बातें करते रहते है? 1

ग - क्वार माह के बादल कैसे होते हैं ? 1

1 सुंदर 2 काले 3 थोथे 4 सुनहरी

घ - नीर शब्द का अर्थ चुनिए: 1

| नाला 2 जल 3 धूप 4 ओंस

प्र॰4 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए| 1 x 5 = 5

यासुकी-चान को पोलियो था, इसलिए वह न तो किसी पेड़ पर चढ़ पाता था और न ही किसी पेड़ को निजी संपत्ति मानता था। अतः तोत्तो-चान ने उसे अपने पेड़ पर आमंत्रित किया था। पर यह बात उन्होंने किसी से नहीं कही, क्योंकि अगर बड़े सुनते तो जरूर डाँटते। घर से निकलते समय तोत्तो-चान ने माँ से कहा कि वह यासुकी-चान के घर डेनेनचोफु जा रही है। चूँकि वह झूठ बोल रही थी, इसलिए उसने माँ की आँखों में नहीं झाँका । वह अपनी नज़रें जूतों के फीतों पर ही गड़ाए स्टेशन तक आई।राकी उसके पीछे -पीछे स्टेशन पर आया |

1.यासुकी-चान किस बीमारी से ग्रसित था?

2.तोत्तो-चान ने यासुकी-चान को अपने पेड़ पर आमंत्रित क्यों किया था।

3.घर से निकलते समय तोत्तो-चान ने माँ से क्या कहा?

4.तोत्तो-चान ने माँ की आँखों में क्यों नहीं झाँका ।

1 वह झूठ बोल रही थी 2 परेशान थी 3 उदास थी 4 नाराज थी

5. तोत्तो-चान के पीछे -पीछे कौन आया?

1 यासुकी-चान 2 राकी 3 डेनेनचोफु 4 बच्चे

प्र० 5 निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उतर लिखिए |

1.कविता 'कठपुतली' के कवि का नाम लिखते हुए बताइए कि कविता आपको कैसी लगी ? 2

2.कठपुतली को अपने पावों पर खड़े होने की इच्छा है,लेकिन वह क्यों नहीं खड़ी होती 2

3. धनी व्यक्ति निर्धन होने के बाद भी क्या करते रहते हैं ? 2

4 किसकी बात सुनकर मिठाईवाला भावुक हो गया था? उसने इन व्यवसायों को अपनाने का क्या कारण बताया? 2

प्र०6 निम्नलिखित प्रश्नों के विस्तृत उतर लिखिए |

1.यासुकी चान को अपने पेड़ पर चढ़ाने के लिए तोतो - चान ने अथक प्रयास क्यों किया? 3

2. लेखिका ऐसा क्यों कहती है, कि यासुकी - चान का पेड़ पर चढ़ने का पहला और आखिरी मौका था ? 3

(खंड घ - लेखन)

प्र०7 किसी एक विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए | 5

1 मेरी प्यारी दिल्ली 2 स्वतंत्रता दिवस

प्र०8 प्रधानाचार्या को विद्यालय में हिंदी का समाचार पत्र मँगवाने का अनुरोध करते हुए पत्र लिखिए | 5

अथवा

दादाजी को अपने मित्र के विषय में बताते हुए पत्र लिखिए |

प्र०8 जेबखर्च बड़ाने का अनुरोध करते हुए माता जी से हुई बातचीत को संवाद के रूप में 80 -100 शब्दों में लिखिए | 5

प्र०9 निम्नांकित चित्र का वर्णन 80 -100 शब्दों में कीजिए | 5

11-FD-11